दैनिक भास्कर

# फरीदाबाद में तंबाकू फैक्ट्री से 2 करोड़ की सिगरेट बरामद:नकली देसी-विदेशी सिगरेट हो रही थी तैयार; CM फ्लाइंग-NGO की कार्रवाई, FIR

**July 25, 2023**

हरियाणा के फरीदाबाद में सीएम फ्लाइंग टीम ने अवैध रूप से चल रही देसी विदेशी सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की है। रात को हुई कार्रवाई में 2 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक की कीमत की सिगरेट बरामद की गई। पुलिस थाना डबुआ में इसको लेकर केस दर्ज किया गया है।

कंपनी से बरामद सिगरेट आदि को जब्त कर ले जाते हुए टीम।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी राजेश चेची के मुताबिक एक सूचना प्राप्त हुई कि प्लाट नंबर 10 डबुआ पाली रोड फरीदाबाद में निधि तम्बाकू कंपनी में अवैध रूप से विदेशी व देसी ब्रांड की सिगरेट बनाई जाती हैं। इसकी पैकिंग पर वैधानिक चेतावनी नहीं छापी जाती है। इस सूचना के सीएम फ्लाइंग व स्थानीय पुलिस और एक NGO की मदद से बीती रात प्लांट को चेक किया। चेकिंग के दौरान तम्बाकू कंपनी में सिगरेट बनती हुई पाई गई।

यहां पर पूछताछ पर बतलाया गया कि यह कंपनी 2/3 साल से चल रही है। यहां पर मात्र निधि पेरिस नाम के ब्रांड का लाइसेंस लिया हुआ है व उसके साथ ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए अन्य देसी और विदेशी कंपनियों के नाम की सिगरेट भी बनाई जाती है।

छानबीन के दौरान कंपनी में पेरिस, ब्लैक एश लाइट व Raeli Raixey ब्रांड के सिगरेट के तैयार पैकेट पाए गए। इन पर नियमानुसार एडवरटाइजिंग प्रिंट करनी नही पाई गई, ना ही कोई लाइसेंस पेश किया गया है। मौका पर लगभग 2 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक कीमत के 51 हजार 760 पैकेट सिगरेट बरामद हुए, जो कि अवैध हैं। भारत मे इस प्रकार के पैकेट बेचना भी बैन है। स्थानीय पुलिस केस दर्ज कर आगामी कार्यवाही में लगी है।

*Source: https://www.bhaskar.com/local/haryana/faridabad/news/faridabad-dabua-tobacco-factory-raid-illegal-cigarettes-worth-2-crore-recovered-cm-flying-131590272.html*